

# सिलावट के सख्त आदेश : गर्मी में न हो पानी की कमी

## प्रभारी मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों की ली मैराथन बैठक



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 21 मई।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजनों के लिये पेयजल के पुख्ता प्रबंधन किए जाएं। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में नागरिकों को पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा है कि नागरिकों के साथ-साथ पशुधन को भी गर्मी के मौसम में पानी उपलब्ध हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही सभी हैंडपंप चालू हालत में रहें, इसकी भी मॉनीटरिंग की जाए। प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने गुरुवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान मुरार सर्किट हाउस में प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पेयजल प्रबंधन के साथ-साथ जनहित के अनेक मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पर्यावरण संरक्षण के लिये वृहद वृक्षारोपण की शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में अभी से तैयारी करने की बात भी कही। उन्होंने यह भी कहा कि ग्वालियर जिले की पहाड़ियों को भी चयनित कर उन्हें हरा-भरा बनाने का अभियान सभी के सहयोग से हाथ में लिया जाए। वृक्षारोपण में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता हो, इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने सीवर संधारण कार्य की समीक्षा के दौरान कहा है कि बरसात से पूर्व सभी नालों की सफाई का विशेष अभियान चलाया जाए। बरसात के दौरान कहीं पर भी जल भराव की स्थिति न हो। गत वर्षों में जहां भी जल भराव की स्थिति आई हो वहां पर समय रहते सभी प्रबंधन किए जाएं। एलीवेटेड रोड निर्माण के कारण स्वर्ण रेखा में जो मिट्टी जमा है उसको हटाने का कार्य निर्धारित समय-सीमा में किया जाए ताकि बरसात के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न आए।

जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण के कार्य हाथ में लिए जाएं। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में जिले में संचालित किया जाए।

**बरसात से पूर्व सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और हॉस्टलों में व्यवस्थाएँ करें बेहतर :** प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि बरसात से पूर्व जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों और हॉस्टलों में सभी मूलभूत सुविधायें बेहतर की जाएं। जिन भवनों में मरम्मत की आवश्यकता है वहां पर मरम्मत का कार्य भी हाथ में लिया जाए ताकि बरसात के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा है कि सभी संस्थाओं में पेयजल, प्रकाश एवं आवश्यक सुविधायें उपलब्ध हों यह सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया के साथ ही संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, आईजी ग्वालियर अरविंद कुमार सक्सेना, डीआईजी ग्वालियर असित यादव, कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत, डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. आर के एस धाकड़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### इन बिंदुओं पर भी हुई चर्चा

प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा समीक्षा बैठक में इन बिंदुओं पर भी विस्तार से समीक्षा की गई एलीवेटेड रोड निर्माण फेस-1 व 2, आगरा ग्वालियर एक्सप्रेस-वे, ग्वालियर रेलवे स्टेशन पुनर्विकास, शासकीय प्रेस का नवीनीकरण, अम्बेडकर स्मारक, सड़कों की मरम्मत, अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल, स्वच्छता अभियान, कानून व्यवस्था, प्राचीन बावड़ियों का जीर्णोद्धार, द्वारिका योजना की समीक्षा। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से अपनी बात रखी गई।

# हर साल लगने वाला समर नाइट मेला इस बार अधर में

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 21 मई।** ग्वालियर व्यापार मेले में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला समर नाइट मेला इस बार अब तक शुरू नहीं हो सका है, जिससे मेला व्यापारियों के साथ-साथ शहरवासियों में भी निराशा है। हर वर्ष 15 मई से 15 जून तक लगने वाला यह मेला शहर की पहचान माना जाता रहा है, जहां परिवारों की भीड़, बच्चों की रौनक और व्यापारियों की दुकानों की चमक पूरे माहौल को उत्सव में बदल देती थी। लेकिन इस वर्ष मेले का आयोजन नहीं होने से व्यापारियों की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

मेला प्राधिकरण ने व्यापारियों को बताया गया है कि मेला परिसर में मरम्मत और सुधार कार्य चल रहे हैं, जिसके चलते इस बार समर नाइट मेला आयोजित नहीं किया जा सकेगा। हालांकि प्राधिकरण ने यह भी संकेत दिए हैं कि आने वाले समय में श्रावणी मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र भदकारिया से नवभारत की टीम ने संपर्क किया तो उन्होंने इस विषय पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि व्यापारियों ने हर वर्ष की तरह इस बार भी समर नाइट मेले को लेकर पूरी तैयारी कर ली थी। उन्होंने बताया कि व्यापारी संघ की ओर से कई बार मेला प्राधिकरण को ज्ञापन देकर समर नाइट मेले के आयोजन की मांग भी की गई, जिस पर मेला प्राधिकरण ने आश्वासन भी दिया था कि समर नाइट मेला लगाया जाएगा। शहर के लोग पूरे वर्ष इस मेले का इंतजार करते हैं और शाम के समय परिवार के साथ यहां पहुंचकर मनोरंजन, खरीदारी और खानपान का आनंद लेते हैं।

मेला व्यापारी संघ ने मांग की है कि प्राधिकरण समर नाइट मेले के आयोजन पर पुनर्विचार करे और यदि संभव हो तो मरम्मत कार्य के बीच वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर मेले का आयोजन कराया जाए। साथ ही व्यापारियों ने यह भी कहा कि यदि प्राधिकरण श्रावणी मेला आयोजित करना चाहता है तो उसका स्वागत है और हम सब लोग उसका समर्थन भी करते हैं , लेकिन समर नाइट मेले की परंपरा को समाप्त नहीं किया जाना चाहिए।

# भारत में सूचना क्रांति के जनक थे राजीव गांधी : सिकरवार



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 21 मई।** राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने भारत के लोगों को 21वीं सदी का सपना दिखाया था। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश में सूचना क्रांति और दूरसंचार क्रांति की नींव रखी। उन्हें भारत में सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति का जनक माना जाता है। यह विचार आज ग्वालियर पूर्व से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम की शुरूआत में विधायक सिकरवार एवं अन्य अतिथियों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं 'राजीव गांधी अमर रहें' के नारें से कार्यालय गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, महाराज सिंह पटेल, प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, सेवादल जिलाध्यक्ष हरेन्द्र गुर्जर, एम.आई.सी सदस्य एवं पार्षद अवधेश कौरव, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, राजेश तोमर, रेखा जाटव, अनूप शिवहरे, संदीप यादव, बेताल गुर्जर, सीमा समाधिया, वीणा भारद्वाज, पूर्व पार्षद रामअवतार जाटव, पार्षद प्रमोद खरे, पार्षद अंकित कठ्ठल, पार्षद सुरेन्द्र साहू, संजना राजावत आदि मौजूद रहे। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि राजीव गांधी भारत में सूचना क्रान्ति के जनक माने जाते हैं. देश के कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्यु निकेशन क्रान्ति का श्रेय उन्हें जाता है। स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत रिजर्वेशन दिलवाने का काम उन्होंने किया। मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवाया। उन्होंने कहा कि दिनांक 21 मई 1991 में लिट्टे के आत्मघाती हमले में राजीव गांधी की मौत हुई थी।

## हाईवे पर बाइक हादसा, दो युवतियां गंभीर घायल

**ग्वालियर।** नेशनल हाईवे-44 पर गुरुवार दोपहर एक बाइक हादसे में दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। एक युवक अपनी बाइक पर दो छात्राओं को झांसी से ग्वालियर घूमने के उद्देश्य से लेकर जा रहा था। इसी दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोराघाट के सामने किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक चला रहा युवक हेलमेट पहने होने के कारण सुरक्षित बच गया, लेकिन पीछे बैठी दोनों युवतियां सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

# जनगणना निदेशक ने किया मकान सूचीकरण का निरीक्षण

## बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 21 मई।** ग्वालियर जिले में जनगणना 2027 के तहत चल रहे मकान सूचीकरण कार्य का गुरुवार को जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के निदेशक संजीव श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे इस कार्य का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनगणना निदेशक संजीव श्रीवास्तव ने गुरुवार को बाल भवन में बैठक लेकर जिले में चल रहे जनगणना कार्य की समीक्षा की। इसके बाद नगर निगम ग्वालियर के जनगणना अधिकारियों, अपर आयुक्त, उपायुक्त एवं जोनल चार्ज अधिकारियों के साथ वार्ड क्रमांक 60 स्थित सनवेली अपार्टमेंट पहुंचकर मकान सूचीकरण कार्य का अवलोकन किया।

दोपहर बाद श्रीवास्तव ग्रामीण क्षेत्र के निरीक्षण के लिये तहसील घाटीगांव के ग्राम नयागांव पहुंचे। यहां उन्होंने जिला जनगणना अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

# डॉ .नीरा चौधरी अजाक्स की प्रांतीय महासचिव नियुक्त



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 21 मई।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) में संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से आज एक बड़ा निर्णय लिया गया। प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य द्वारा कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष विशेष गढ़पाले की सहमति से वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद् डॉ. नीरा चौधरी, क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य विभाग भोपाल को म.प्र. अजाक्स का 'प्रांतीय महासचिव' नियुक्त करते हुए प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि संगठन को प्रदेश के सभी 55 जिलों में जमीनी स्तर तक सक्रिय करना हमारी प्राथमिकता है। उसी क्रम में डॉ. नीरा चौधरी के प्रशासनिक अनुभव, शैक्षणिक पृष्ठभूमि एवं सामाजिक सरोकारों को देखते हुए संगठन को नई दिशा व गति प्रदान करने के उद्देश्य से यह नियुक्ति संगठन द्वारा की गई है। महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में डॉ.नीरा के कार्य उल्लेखनीय रहे हैं। उक्त नियुक्ति के माध्यम से संगठन महिला नेतृत्व को आगे लाकर आरक्षित वर्ग की बहनों को मुख्यधारा से जोड़ना है। नव-नियुक्त प्रांतीय महासचिव डॉ. नीरा चौधरी ने नियुक्ति पर प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य एवं कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष विशेष गढ़पाले (आईएएस) का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह गौरव का विषय है। मेरा पहला लक्ष्य रहेगा हर जिले में महिला विंग को सक्रिय करना।

पदोन्नति में आरक्षण एवं बैकलॉग पदों की पूर्ति हेतु शासन से प्रभावी संवाद। एससीएसटी अधिकारी-कर्मचारियों के उत्पीड़न के मामलों में त्वरित न्याय दिलाना। युवा अधिकारियों को संगठन से जोड़कर अजाक्स को डिजिटल व गतिशील बनाना।

कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष विशेष गढ़पाले ने डॉ. चौधरी की नियुक्ति को 'संगठन में महिला नेतृत्व का ऐतिहासिक कदम' बताते हुए सभी जिला इकाइयों से सहयोग की अपील की।

# भाजपा अध्यक्ष खण्डेलवाल आज से अंचल के दौरे पर



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 21 मई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल 22 एवं 23 मई को गुना, अशोकनगर, शिवपुरी एवं ग्वालियर ग्रामीण के प्रवास पर रहेंगे। हेमंत खण्डेलवाल 22 मई को प्रात: 11.30 बजे गुना के ग्रीन माउंटेन गादेर की गुफा, ए.बी.रोड में जिला प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करेंगे। दोपहर 3.30 बजे अशोकनगर के थोमन जी में जिला प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करेंगे। खण्डेलवाल 23 मई को प्रात: 11 बजे शिवपुरी में जिला प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय सत्र में शामिल होंगे। वे दोपहर 3 बजे ग्वालियर ग्रामीण के डबरा में आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करेंगे।

# खरीफ की तैयारियों के लिए जिले में चल रहे कृषि रथ

## किसानों को दी जा रही है उन्नत खेती के लिए वैज्ञानिक जानकारी




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 21 मई।** ग्वालियर जिले में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप मौजूदा वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत ग्वालियर जिले में किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक और वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि रथ संचालित किए जा रहे हैं। कृषि रथों के माध्यम से किसानों को कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन सहित कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा रही है।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आर बी एस जाटव से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विकासखंडों में प्रतिदिन कृषि रथ ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर किसानों तक पहुंच रहे हैं। अभियान के तहत जिले की 48 ग्राम पंचायतों में लगभग 1500 किसानों को खरीफ फसल की तैयारियों से संबंधित जानकारी दी जा चुकी है। किसानों को उर्वरक व्यवस्था, ई-टोकन प्रणाली, बीज वितरण, फसल प्रदर्शन, आदान व्यवस्था, नरवाई प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण एवं फसल विविधीकरण जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। अभियान के दौरान किसानों की समस्याओं का वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान भी किया जा रहा है। साथ ही मृदा नमूना संग्रहण, जल संरक्षण इकाइयों का पंजीयन तथा अग्नि सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। कृषि रथ जिले के विभिन्न गांवों में पहुंचकर किसानों को आधुनिक खेती अपनाने और खरीफ सीजन की बेहतर तैयारी के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# केदारपुर में चल रहा बजरंग दल का प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग

## क्षेत्रीय संयोजक विश्ववर्धन , प्रांत सह मंत्री चौहान, प्रांत संयोजक अवधेश हुए शामिल

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 21 मई।** केदारपुर धाम में चल रहे बजरंग दल के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के आज गुरुवार को पंचम दिवस पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया।

आज वर्ग में क्षेत्रीय सयोजक विश्ववर्धन भट्ट, प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौहान, प्रांत संयोजक अवधेश, विभाग मंत्री पप्पू राठौर ने प्रतिभाग किया। मुख्य वक्ता जितेंद्र चौहान ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बजरंग दल का प्रत्येक कार्यकर्ता महावली हनुमान के जीवन, उनके त्याग, पराक्रम, सेवा, समर्पण एवं अनुशासन से प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्र हित में कार्य करे। उन्होंने कहा कि हनुमान जी केवल शक्ति के प्रतीक नहीं हैं बल्कि वे भक्ति, विनम्रता,निष्ठा एवं संगठन शक्ति के भी अद्वितीय उदाहरण हैं।उनके आदर्श आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

मुख्य वक्ता चौहान ने कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी ने भगवान श्रीराम के कार्यों को सर्वोपरि मानकर प्रत्येक कठिनाई का सामना किया, उसी प्रकार बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को भी समाज एवं राष्ट्र के हित के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन का कार्य केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना, सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना, युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना तथा सेवा कार्यों के माध्यम से समाज को संगठित करना भी संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने आचरण, व्यवहार एवं कार्यशैली से समाज के बीच सकारात्मक संदेश पहुंचाएं।सेवा, सुरक्षा एवं संस्कार के मूल मंत्र को अपनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि बजरंग दल का कार्यकर्ता जहां भी रहे, वहां धर्म,संस्कृति एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का कार्य करे।

# बेरोजगारी के कारण नहीं हो पा रहे रिश्ते : पूर्व विधायक अग्रवाल

## मंच से युवतियों ने दिया परिचय, ग्वालियर में दो दिवसीय सम्मेलन का हुआ आगाज



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 21 मई।** अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन का दो दिवसीय युवक युवती परिचय सम्मेलन तोरण वाटिका में गुरूवार से शुरू हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, समाजसेवी राधाकिशन खेतान और सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षित होने के बाद भी हजारों युवक बेरोजगार है और आज उनके इसी कारण रिश्ते नहीं हो पा रहे हैं। समाजसेवी राधाकिशन खेतान ने कहा कि लगातार समाज को जोड़ने का कार्य परिचय सम्मेलन के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में राजेश ऐरन ने कहा कि 30 वर्षों में दस हजार से भी ज्यादा रिश्ते कराकर परिचय सम्मेलन संस्था द्वारा समाज बंधुओं का सहयोग किया गया है। सम्मेलन के मंच सेयुवतियों ने कहा कि हमें सर्विस वाला जीवनसाथी नहीं बिजनेस मेन वाला चाहिए, हाथरस से आये मोहित माहेश्वरी ने कहा कि हमे दहेज नहीं चाहिए हमारे परिवार मे मिलजुल कर रहे ऐसी जीवन संगिनी चाहिए, वीके अग्रवाल ने कहा कि मेरे बेटे का पुर्न विवाह हो जाये और घर में खुशी आ जाये। मंच पर परिचय नीलम शाह, विनीता तायल, बबीता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, शशि गर्ग, पूनम अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, रेनू मंगल, साधना गोयल, प्रीति बिंदल ने कराया। कार्यक्रम में मुकेश सिंघल, अनिल गर्ग, वीपी मित्तल आदि उपस्थित थे।






## जीडीए उपाध्यक्ष गुप्ता ने सिलावट से लिया मार्गदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 21 मई।** ग्वालियर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने आज जिले के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट से भेंटकर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर एंव अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। सिलावट ने गुप्ता को उपयोगी मार्गदर्शन दिया। गुप्ता ने कहा कि सिलावट का अनुभव और विचार सदैव जनसेवा एवं संगठनात्मक कार्यों के लिए प्रेरणादायी है।

# जनकताल पहाड़ी की टंकी भरने के लिए लगी शक्तिशाली मोटर




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 21 मई।** महापोर डॉ. शोभा सिकरवार ने आज भेलसावाली माता की पहाड़ी स्थित टंकी को बिना बाधा के मोतीझील के पानी से पूरी तरह भरने के उद्देश्य से बड़ी शक्तिशाली मोटर पम्प का लोकार्पण किया। इस टंकी से इस्लाम पुरा, सुभाष नगर, रामाजी का पुरा, टिल्लू बाबा की पहाड़ी, आशाराम चक्की गली, कटीघाटी, एवी रोड, फर्रासखाना, घोसीपुरा, आदर्श मील रोड आदि 1500 घरो में पानी जायेगा। लोगों ने कहा कि इस पाइपलाईन में 7 वॉल्व लग जायें एवम् 8 जगह मिलान हो जाये। इस पर 16 लाख की लागत आई है । इस्लाम पुरा, जनकताल पहाड़ी पर वार्ड 1 में टंकी के लिए यह बड़ी मोटर पम्प लगाई गई है। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सईदा आशिफ अली खान सहित मुन्ना ख़ान, हसीम ख़ान, चंदन इक़बाल ख़ान, अब्बास हुसैन, फ़रमान ख़ान ,अरमान ख़ान, रवि टैगोर ,आकाश टैगोर, मनोज आशिक़ ख़ान, जिशान ख़ान, दीपू, सुनील टैगोर रज़ा अली ख़ान आदि उपस्तिथ थे।

